>

Title: Need to increase allocation of funds under Indira Awas Yojana for BPL families.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदया, मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री के ध्यान में लाना चाहता हूं कि इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आवास हेतु दी जाने वाली सहायता वर्तमान महंगाई एवं निर्माण सामग्री के दामों में बेतहाशा वृद्धि के कारण पर्याप्त नहीं है, क्योंकि जो सहायता दी जा रही है, उसमें एक कमरा भी नहीं बनता है। पहाड़ी क्षेत्रों की कठिन भौगोलिक स्थिति, विषम जलवायु, इन क्षेत्रों में लकड़ी की कमी के कारण सीमेंट और कंक्रीट से आवास बनाने, वहां सड़कें बहुत कम होने एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में निर्माण सामग्री पीठ पर अथवा खच्चरों पर लादकर ढोने के कारण बी.पी.एल परिवारों और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मकान बनाने में बहुत ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

मेरा माननीय ग्रामीण विकास मंत्री महोदय से आग्रह है कि इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत बी.पी.एल परिवारों को दी जाने वाली सहायता को मैदानी भागों में कम से कम एक लाख रूपए एवं पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वालों हेतु 25 प्रतिशत अधिक अर्थात् कम से कम 1 लाख 25 हजार रूपए किया जाये।